# मुरली वाले मुरली बजा

मुरली वाले... मुरली बजा...
तेरी ग्वाले बुलाते है,
राधा को तू नचा.....

वृन्दावन सुना गोवर्धन सुना,
श्याम बिना संसार सुना,
श्याम के मिलन से फुल खिले मन से,
ब्रिजधाम लागे सुहाना,
कन्हैयाजी आओ ना देर लगाओ,
बेचैन गोकुल वाले,
मुरली वाले.....

सुनले दिवानी मेरी राधा राणी,
क्यों प्रीत हम से लगायी,
ओ श्याम रसिया बन के तू छलिया,
क्यों चैन मेरा चुराया,
सुनो मेरी राधा तेरे बिन मै आधा,
ये जाने प्रेम रोग वाले,
मुरली वाले.....

तू सबका दाता भाग्य विधाता,
गिरिराज कृष्ण मुरारी,
तू है ब्रिज राणी तू है महारानी,
न्यारी है शक्ति तुम्हारी,
हे गिरधरजी आओ ये महिमा दिखाओ,
चले आओ द्वारका वाले,
मुरली वाले.....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/32084/title/murli-wale-murli-baja

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |